


# दैनिक भारतीय बस्ती



भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 241 रविवार 30 मार्च 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com





## शैलपुत्री - मां दुर्गा की पहली शक्ति

वन्दे वांछितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम ।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ।।

नवरात्रि में दुर्गा पूजा के अवसर पर दुर्गा देवी के नौ रूपों की पूजा–उपासना बहुत ही विधि विधान से की जाती है। इन रूपों के पीछे तात्विक अवधारणाओं का परिज्ञान धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है। आइए जानते हैं मां शैलपुत्री के बारे में...

मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के वहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं।

## एक नजर

### मुठभेड़ में दो पशु तस्कर गिरफ्तार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। छावनी थानाक्षेत्र के साहिन्दापुर गांव के पास हुई। पुलिस की संयुक्त टीम से हुई मुठभेड़ में दो पशु तस्करों के पैर में गोली लगी। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक कुशीनगर और दूसरा सिद्धार्थनगर का रहने वाला है। इनके पास से दो तमंचे, कारतूस, एक गाड़ी और पांच गोवंशीय पशु बरामद हुए।

मुखबिर की सूचना पर संयुक्त गश्त पर निकली छावनी पुलिस और स्वाट टीम ने छावनी थानाक्षेत्र के साहिन्दापुर बागीचे के पास एक पिकअप को रोका। उस पर सवार लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो पशु तस्करों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर सीएचसी विक्रमजोत पहुंचाया। इनकी पहचान मासूम रजा निवासी लाला गुरवलिया का शेख टोला, तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर और वसीम निवासी अल्लाहपुर, थाना भवानीगंज, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। इनके पास से एक पिकअप, उसमें लदे पांच गोवंशीय पशु, दो देशी तमंचे, कारतूस और खोखा बरामद हुआ। इनके खिलाफ पुलिस ने बीएनएस, गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तस्कर बस्ती से पशुओं को बिहार ले जा रहे थे।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। कोतवाली थानाक्षेत्र स्थित बैरियहवा मोहल्ले में एक अधेड़ की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। गुरुवार रात किसी बात राजदेव ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वार्ड ने अस्पताल चौकी पर मेमो भेजा। जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पंचनाभ भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दुष्कर्म व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। पैकोलिया थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दलित महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। पीड़िता ने तहरीर में आरोप लगाया है कि महुआ गांव निवासी अशोक यादव उर्फ डब्लू करीब छह वर्ष से शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने मना कर दिया।

# भूकम्प से हाहाकार, हजारों की मौत 2376 लापता



नई दिल्ली (आभा)। म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या शनिवार को 1,000 से अधिक हो गई है। इससे देश में हाहाकार मच गया है। दूसरे सबसे बड़े शहर के पास आए भूकंप में ढही इमारतों के मलबे से शनिवार को और भी शव निकाले गए। सैन्य नेतृत्व वाली सरकार ने एक बयान में कहा कि अब तक 1,002 लोग मृत पाए गए हैं और 2,376 अन्य घायल हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं। संख्या अभी भी बढ़ सकती है। सरकार ने कहा विस्तृत आंकड़े अभी भी एकत्र किए जा रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर में भूकंप आया जिसका केंद्र मांडले से कुछ ही दूरी पर था, इसके बाद कई झटके आए जिनमें से एक की तीव्रता 6.4 मापी गई। इससे कई इलाकों में इमारतें ढह गईं, सड़कें उखड़ गईं, पुल ढह गए और एक बांध टूट गया।

राजधानी नेपीडॉ में, शनिवार को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए कर्मचारियों ने काम किया, जबकि शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली, फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। भूकंप ने कई इमारतों को गिरा दिया, जिसमें सरकारी सिविल सेवकों के रहने वाले कई यूनिट भी शामिल थे, लेकिन शहर के उस हिस्से को शनिवार को अधिकारियों ने बंद कर दिया था। वहीं, पड़ोसी थाईलैंड में भूकंप ने बैंकॉक क्षेत्र को हिलाकर रख दिया। बैंकॉक के अधिकारियों ने कहा कि अब तक छह लोग मृत पाए गए हैं।

## सेन्ट्रल एकेडमी में परीक्षाफल वितरित पुरस्कृत किये गये मेधावी




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शनिवार को सेन्ट्रल एकेडमी सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। निदेशक जय प्रकाश तिवारी ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर कहा कि इसके लिये शिक्षकों ने कड़ा परिश्रम किया है। कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों से उन्होने कहा कि और कठिन परिश्रम करें। शिक्षा से जीवन बदलता है। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्राफी, प्रमाण–पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना के तहत नर्सरी से कक्षा 9 तक की छात्राओ का प्रवेश शुल्क विद्यालय की ओर से निःशुल्क रहेगा।

निदेशक सीमा तिवारी, और अनुज तिवारी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि वे और परिश्रम कर अपने गुरूजन, परिजन और विद्यालय को गौरवान्वित करें।

प्रधानाचार्य दीपिका त्रिपाठी ने कहा कि श्रेष्ठतम शिक्षा देकर जागरूक, समर्थ नागरिक बनाना सेन्ट्रल एकेडमी का उद्देश्य है, शिक्षक, अभिभावक और छात्रों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है कि स्कूल निरन्तर मानकों पर खरा उतर रहा है।

नर्सरी से कक्षा 9 तक अपनी– अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वालों में अतुल कृष्ण, आरिफ इमरान, सात्विक यादव, मान्या, प्रिशा, अवनि सिंह, निशिका, कनक मिश्र, श्रेया दूबे, शिवांश जोशी, अक्षित मौर्या, आन्या सिंह, अजकिया, अर्नव उज्जवल, वृशांक गौड़, वैष्णवी श्रीवास्तव, कान्हा, ज्योति, राज श्री तिवारी, तनीषा, अवनीश मिश्र, मृत्युजंय, श्रेष्ठ शुक्ल, श्रेष्ठ, यश गुप्ता, सौम्या राज, सृष्टि यादव, गरिमा पाण्डेय, जनेरा वसीन, आर्यन गुप्ता, मुस्कान, प्रियांशी, मानसी, आराध्या पाण्डेय, रिया यादव, मोनी कुमारी, अर्चित राजभर, श्रेया गुप्ता, प्रिन्स प्रताप, एन्जल गुप्ता, कीर्ति दूबे, आशुतोष यादव, मानसी पासवान, शिवाकान्त चौरसिया और खुशी चौधरी को ट्राफी, प्रमाण–पत्र देकर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर हिमांशु मिश्र, आबिद अरशद, उन्नति सिंह, सुधा गौड़, रिचा गौतम, प्रिया मिश्रा, सन्तोष कुमार, द्विवेजन्द्र मिश्र के साथ ही विद्यालय परिवार के लोग शामिल रहे।

## आदर्श हत्याकाण्ड के सीबीआई जांच, परिजनों को एक करोड के मुआवजे की मांग: मेधा ने सौंपा ज्ञापन



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई निवासी नाबालिग आदर्श उपाध्याय की पुलिसिया पिटाई से मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को मेधा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और शिव हर्ष किसान पी.जी. कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दीनदयाल तिवारी ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि समूचे मामले की सीबीआई से जांच कराकर दोषियों की गिरफ्तारी हो और पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाय।

ज्ञापन देने के बाद दीन दयाल तिवारी ने कहा कि नाबालिग आदर्श उपाध्याय की मौत समूचे व्यवस्था की हत्या है। अच्छा हो कि मुख्यमंत्री स्वयं संज्ञान ले और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय। ज्ञापन देने वालों में वृजेश द्विवेदी, उमेश पाण्डेय मुन्ना, राहुल तिवारी, अजीत पाण्डेय, अंशू चौरसियाय, प्रमोद यादव आदि शामिल रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत में उमड़े लोग



–भारतीय बस्ती संवाददाता

बस्ती। भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र के हरैया विधानसभा के विक्रमजोत में शनिवार को प्रथम आगमन पर जिला पंचायत सदस्य विक्रमजोत प्रथम आदित्य प्रताप पाण्डेय के नेतृत्व में हजारों लोगों ने फूलडीह स्थित यश ग्रुप कार्यालय पर भव्य स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष का काफिला जैसे ही विधानसभा के फूलडीह स्थित यश ग्रुप कार्यालय पर पहुंचा कार्यकर्ताओं ने जोश से उनका भव्य स्वागत किया और फूलमालाओं से लाद दिया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि वह हमेशा भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे आदित्य प्रताप पाण्डेय ने कहा कि हम सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बेहतर ढंग से काम करेंगे और पुनः 2027 में भाजपा की सरकार बनाने में पूरी ताकत लगा देंगे।

स्वागत के दौरान मुख्य रूप से भानु सिंह, अनादि मिश्रा, दीपक पाण्डेय, रजनीश मिश्रा, शिव कुमार गुप्ता, सुनील मौर्य,र मेश दुबे, हाकिम तिवारी, वीरेंद्र यादव, रघुनायक शुक्ल, पप्पू मिश्रा, प्रिंस पाण्डेय, नवनीत शुक्ला, राम भवन यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 95 करोड 79 लाख का प्रस्ताव पारित



–बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा का होगा भव्य पुर्ननिर्माण
–पालिका क्षेत्र में समग्र विकास के लिये जारी है प्रयास– नेहा वर्मा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शनिवार को नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक पालिका सभागार में अध्यक्ष नेहा वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए प्रस्तावित बजट 95,79,73,000 (पन्चानवे करोड उन्यासी लाख तिहत्तर हजार रूपया) का प्रस्तुत किया गया जिसे सदन में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। बोर्ड की बैठक में कटेश्वर पार्क स्थित अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण एवं पुर्ननिर्माण, बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा का पुर्नस्थापना का प्रस्ताव सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया ।

इसके साथ ही बोर्ड द्वारा नगरीय क्षेत्र में पाइप लाइन विस्तार किये जाने, निर्मली कुण्ड स्थित जलाशय के निकट नलकूप स्थापना एवं पम्प हाउस सहित निर्माण किये जाने, पुराने फायर हाइडेन्ट को पुर्न संचालित कराये जाने, पालिका सीमान्तर्गत सम्मानित नागरिकों को बन्दरों के आतंक से छुटकारा दिलाये जाने हेतु बन्दरों को पकडवाकर सुरक्षित दूरस्थ स्थान पर छोडवाये जाने, वार्ड में नागरिक सुविधाओं के दृष्टिगत सफाई कर्मचारियों की संख्या बढाये जाने, खराब लाइट को ठीक कराये जाने, रोडवेज स्थित भगत सिह पार्क का सुन्दरीकरण कराये जाने, रंजीत चौराहा पर महाराणा सांगा जी का स्मारक बनाये जाने, प्रधानमन्त्री आवास योजना के अन्तर्गत पात्र को लाभान्वित कराये जाने, जन्म–मृत्यु पंजीकरण का सरलीकरण किये जाने, मोहल्ला चाईपुरवा का नाम बदलकर निषाद नगर किये जाने का प्रस्ताव सहित निर्माण एवं विकास संबंधी तमाम कार्यो को सदन द्वारा ध्वनि मत से पारित किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होने पालिका क्षेत्र की जनता से जो वायदा किया था उसे चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जा रहा है। विकसित, सुविधा सम्पन्न नगर पालिका क्षेत्र का विकास उनका लक्ष्य है जो सबके सहयोग से पूरा होगा। कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के समग्र विकास के लिये अनेक प्रस्ताव भेजे गये हैं उनके स्वीकृति के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

अधिशासी अधिकारी, उप जिलाधिकारी (प्रशिक्षु) सुनिष्ठा सिंह ने वार्ड की समस्याओं को ध्यान से सुना गया तथा उनका यथा सम्भव संसाधनों के अनुसार निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सभासद अमरावती देवी, राजन ठाकुर, रोली, इन्द्रावती देवी, विद्यावती देवी, ममता, रवीन्द्र कुमार, मोहम्मद इदरीस, मुहम्मद अयूब, दिनेश गुप्ता, निर्मला देवी, मन्जू श्रीवास्तव, निर्मला देवी, पंकज कुमार चौधरी, श्रीमती बैजन्ती सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय, सर्वेश यादव, जगदीप श्रीवारवत, रूकईया खातून, प्रफुल्ल, परमेश्वर शुक्ला, श्रीमती शाहजहाँ, रमेश कुमार सहित सदन लिपिक राजीव शंकर श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी लेखाकार गणेश कुमार सिह, जलकल अभियन्ता अर्चना कुमारी, जे०ई० निर्माण अर्पित निगम , प्रकाश निरीक्षक अमित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# नाबालिग आदर्श के मौत का मामला गरमाया परिजनों से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय



–योगी सरकार में निरंकुश हो गई है पुलिस– अजय राय

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शनिवार को पार्टी नेताओं, के साथ दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव पहुंचे और नाबालिग आदर्श उपाध्याय की पुलिसिया पिटाई से मौत के मामले में परिजनों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस इस मामले को सड़क से विधानसभा और संसद तक उठायेगी। आदर्श के पिता ओम प्रकाश उपाध्याय और परिजनों से मिलकर उन्होने पीड़ित परिवार को सात्वना देने के साथ ही पार्टी की ओर से तात्कालिक आर्थिक सहयोग दिया।

परिजनों से मिलने के बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि नाबालिग आदर्श उपाध्याय की पुलिसिया पिटाई से मौत के मामले में दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें गिरफ्तार किया जाय। कहा कि सरकार दुःखी परिवार को एक करोड़ रूपये का मुआवजा दे। कांग्रेस नेता अजय राय ने कहा कि योगी सरकार में पुलिस पूरी तरह से निरंकुश हो गई है और आम आदमी, गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस इन सवालों को लेकर जनता के बीच जा रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने घटनाक्रम के बारे में प्रदेश अध्यक्ष को विस्तार से जानकारी दिया। बताया कि घटना के तत्काल बाद एक प्रतिनिधि मण्डल ने आदर्श उपाध्याय के परिजनों से मिलकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया था।

दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को सात्वना देने वालों में वीरेन्द्र प्रताप पाण्डेय, देवेंन्द्र कुमार श्रीवास्तव, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, अनिल भारती, कौशल त्रिपाठी, प्रशांत पाण्डेय, दीपेन्द्र सिंह, राकेश मनी त्रिपाठी , नोमान अहमद, संदीप श्रीवास्तव, आदित्य त्रिपाठी, अमित सिंह, डा. आलोक रंजन, नर्वदेश्वर शुक्ला, प्रमोद द्विवेदी, भूमिधर गुप्ता, देवी प्रसाद पाण्डेय, बृजेश आर्य, गिरजेश पाल, वाहिद सिद्दीकी, गंगा मिश्र, अरुण पाण्डेय, शौकत अली नन्हू, अलीम अख्तर, सुनील पाण्डेय, सर्वेश शुक्ल, सोमनाथ संत, राज बहादुर निषाद, साधु शरण आर्य, दूधनाथ पटेल, विनय तिवारी, रफीक खान, अंकित तिवारी नवीन कन्नौजिया, डी. एन. शास्त्री, लक्ष्मी यादव, रामकृष्ण दुबे, रूपेश पाण्डेय, अनिल त्रिपाठी, पप्पू चौधरी रविंद्र सिंह राजन अजय सिंह प्रदीप चौधरी अजय चौधरी रवि पटेल महेश चौधरी पंकज चौधरी रिंकू पांडे बृजेश चौधरी अखिलेश चौधरी अनूप चौधरी के साथ ही अनेक कांग्रेसजन शामिल रहे।

## राजन इण्टर नेशनल एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण: शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



–बेहतर शिक्षा हमारा लक्ष्य– शिखा चतुर्वेदी

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शनिवार को राजन इण्टर नेशनल एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण औरं शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रबंध निदेशिका शिखा चतुर्वेदी ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर कहा कि यह शिक्षकों के लगन और निष्ठा का परिणाम है कि उन्होने छात्रों को बेहतर शिक्षा दिया। कार्यकारी निदेशक संजीव पाण्डेय ने कहा कि जिन छात्रों के अंक कम आये हैं वे और परिश्रम करें। एकेडमी का लक्ष्य गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और सर्वागीण विकास है।

प्रधानाचार्य सानू एंटोनी ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर कहा कि राजन इण्टर नेशनल एकेडमी में बेहतर शैक्षणिक वातावरण है और छात्रों को शिक्षा के साथ ही खेल कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही व्यवहारिक ज्ञान दिया जाता है जिससे वे देश के श्रेष्ठ नागरिक बन सके। समग्र शिक्षा और सही मार्ग दर्शन हमारा लक्ष्य है ।

शिक्षक अभिभावक सम्मेलन में अनेक अभिभावकों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये जिस पर प्रबंधा निदेशिका शिखा चतुर्वेदी ने कहा कि सबसे सहयोग और मार्ग दर्शन से ही राजन इण्टर नेशनल एकेडमी का निरन्तर विस्तार हो रहा है। पूरा प्रयास होगा कि जो सुझाव आये है उसे व्यवहारिक स्तर पर क्रियान्वयन किया जाय। बेहतर शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों की कमी नहीं होने पायेगी।

परीक्षा परिणाम वितरण किये जाने के मौके पर विद्यालय परिवार के जितेंद्र यादव, पुनीता पाण्डेय, राम स्वरूप यादव, सुमन दूबे, रेखा श्रीवास्तव, पूनम गुप्ता, प्रमिला शुक्ला, श्वेता त्रिपाठी, नीलम श्रीवास्तव, निशु उपाध्याय, शालिनी श्रीवास्तव,अन्नू, सुष्मिता मन्ना, नेहा अबरोल, आकृति पाण्डेय, सौम्या पाण्डेय, दीपांजलि, रीना पाण्डेय, नैन्सी वर्मा, आकृति साहू, तहजीब फातिमा, अर्चना पटेल, अर्चना द्विवेदी, रूपा जायसवाल, सुषमा गुप्ता, हर्षिका शुक्ला, फातिमा सिद्दीकी, रजनी श्रीवास्तव, फरहत फातिमा, शहनाज यूनुस, नलिनी गुप्ता, ज्योति पाण्डेय, माया सिंह, मनीषा गुप्ता, प्रभा त्रिपाठी, श्रद्धा पाण्डेय, शालिनी श्रीवास्तव, आशी कसौधन, दीपाली वर्मा, माया शुक्ला, शालिनी श्रीवास्तव, वेदिका गुप्ता, शिक्षा बरनवाल, रिया दुबे, खदीजा परवीन, अंजलि चौरसिया, स्वेता गुप्ता, शिवांश उपाध्याय, अमित मिश्रा, सौरभ पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, रचित गुप्ता, मनजीत सिंह, संजय तिवारी, मोहम्मद सारिक, कुशाग्र मिश्रा, गोपाल सिंह, किरण के विस्टन, ज्वैल थॉमस, शुभम पटेल, रवि प्रकाश तिवारी, अभिषेक कुमार धर्मेंद्र तिवारी, गौतम प्रकाश, विकास कुमार चतुर्वेदी, अभय कुमार पाण्डेय सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं ने योगदान दिया।

## बस्ती में सामने आया लब जेहाद का मामला पीड़ित युवती ने लगाया न्याय की गुहार



–हिन्दु युवतियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं– अखिलेश सिंह

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । लब जेहाद के नाम पर हिन्दु युवती को बहका फुसलाकर भगा ले जाने, जबरिया गोमांस खिलाकर मुस्लिम धर्म स्वीकार करने के लिये दबाव बनाने का चौकाने वाला मामला सामने आया है। शनिवार को वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने अपने उत्पीड़न की जानकारी देते हुये दोषी अहमद रजा, उसके परिजनों के विरूद्ध कार्रवाई और अपने जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि लब जेहाद के नाम पर हिन्दु युवतियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि पीड़िता को त्वरित न्याय न मिला तो महासंघ आन्दोलन को बाध्य होगा।

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने एसपी को सम्बोधित पत्र में कहा है कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के जमदाशाही निवासी अहमद रजा पुत्र अब्दुल नईम उसके घर पर ड्राइबर का काम करता था। अहमद रजा आये दिन उसके साथ छेड़खानी करता था किन्तु लोक लाज बश उसने इसकी जानकारी परिवार के सदस्यों को नहीं दिया। फरवरी 2024 में चाकू की नोक पर उसने बलात्कार किया। जब पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दिया तो अहमद रजा ने कहा कि मैं तुमसे विवाह कर लूंगा। युवती के माता पिता, परिजनों ने अहमद रजा के साथ विवाह करने से इंकार कर दिया। अहमद रजा शादी का झांसा देकर उसे भगा ले गया। वह अपने साथ जेवर और नकदी भी ले गई। दो सोने का हार, तीन सोने की चेन, एक सोने का लाकेट के साथ कई जेवर, एक लाख रूपये की नकदी लेकर अहमद रजा पहले तो उसे अपने रिश्तेदारी में लेकर गया, कुछ दिन बाद रूधौली थाना क्षेत्र के पुरैना चौराहे पर किराये का मकान लेकर रहने लगा। जब युवती शादी की बात करती तो वह टाल जाता। एक दिन अहमद रजा के मां बाप व बहने मोमिना और फातिमा आयी और कहा पहले तुम नमाज पढो, गोमांस खाओ, रमजान का व्रत रहो तब शादी होगी। हम लोग हिन्दू लड़कियों को इसीलिये बहलाते फुसलाते हैं। मना करने पर उन लोगों ने हिन्दू युवती को भद्दी–भद्दी गालियां देकर मारा पीटा। अहमद रजा ने सारे जेवर बेचवाकर अपने घर वालों को दे दिया और उसकी स्कूटी यूपी 51 बी.एन. 35 हजार रूपये में कहीं गरवी रख दिया। पत्र में युवती ने कहा है कि अहमद रजा के संसर्ग से उसे तीन बार गर्भ हुआ किन्तु वह तीन महीना पूरा होने पर जबरिया गर्भपात करवा दिया, यही नहीं वह जबरिया अप्राकृतिक मैथुन भी करता था। इस समय भी युवती गर्भ से है। अहमद रजा और उसके परिजन मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ को भी हरदम गालियां बकते हैं। युवती ने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और अपने जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 30 मार्च 2025 रविवार

## सम्पादकीय

# भूकंप से तबाही

म्यांमार केंद्रित 7.7 तीव्रता वाले भूकंप ने यहां और थाईलैंड में भारी तबाही मचाई। भूकंप का असर करीब चार मिनट तक रहा। अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार बारह मिनट के अंतराल के बाद भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 6.4 थी। भूकंप का केंद्र म्यांमार के सागाइंग से 18 किमी दक्षिण में था। भूकंप से म्यांमार में भारी तबाही दिखी और पुल व बिल्डिंगें ताश के पत्तों की तरह बिखरती दिखी। म्यांमार में तबाही इतनी ज्यादा बतायी जा रही है कि सैन्य प्रशासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की गुहार लगायी है। इतना ही नहीं भूकंप के झटकों से म्यांमार से करीब एक हजार किमी दूर स्थित थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई भवनों के ध्वस्त होने व सड़कें फटने की खबरें हैं। बैंकॉक में एक तीस मंजिला बिल्डिंग धराशायी हो गई। आशंका है कि इसमें अभी 43 मजदूर फंसे हुए हैं। भूकंप के झटकों से सहमे लोग मदद की गुहार लगाते रहे। घायल लोगों से अस्पताल भरे नजर आए। दीवारें फटने, इमारतों के गिरने से लोग दहशत में दिखे। शुरुआत आंकड़ों के अनुसार म्यांमार में 144 लोगों के मरने व सैकड़ों लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। लेकिन अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार मरने वालों का आंकड़ा हजारों तक पहुंच सकता है। भूकंप के केंद्र के निकट स्थित यंगून ही नहीं म्यांमार के अनेक शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां छह प्रांतों में आपात स्थिति घोषित हुई है। इसके अलावा चीन के कुछ हिस्सों व थाइलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक तीस मंजिला इमारत के धराशायी होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई जगहों में इमारतों के रूफटॉप पर बने स्वीमिंग पूल का पानी सड़कों पर बहता नजर आया। भयभीत लोगों के चीखने से मंजर भयावह नजर आ रहा था। लोग मदद की गुहार लगा रहे थे।

दरअसल, थाईलैंड भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील नहीं है, लेकिन म्यांमार में आने वाले भूकंप के झटकों का असर यहां दिखता है। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील न होने के कारण थाईलैंड में भवन निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक का उपयोग नहीं होता।जिसकी वजह से ज्यादा नुकसान की आशंका जतायी जा रही है। अस्पतालों में उपचार कराने वालों की लंबी कतारें देखी गई हैं। वहीं 2021 से सैन्य शासन के अधीन और गृहयुद्ध से जूझता म्यांमार इस प्राकृतिक आपदा के बाद हताश नजर आया। इंटरनेट का प्रयोग सीमित होने से वहां की स्थिति जानने में दिक्कत आ रही है। पहली बार सैन्य शासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की अपील की है। प्रधानमंत्री ने भूकंप पीड़ितों की मदद के लिये अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई को कहा है। म्यांमार के दूसरे बड़े शहर मांडले से भी ऐतिहासिक रॉयल पैलेस व अन्य बिल्डिंगें गिरती नजर आई हैं। मांडले को राजधानी से जोड़ने वाली सड़कों में चौड़ी दरारें देखी गई हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे समेत जर्मनी व चीन की भूकंप पर नजर रखने वाली संस्थाएं भारी जन–धन के नुकसान की आशंका जता रही हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक भूकंप का केंद्र धरती से दस किलोमीटर नीचे होना बता रहे हैं। खबरें हैं कि म्यांमार की राजधानी नेपिडो में भी काफी क्षति हुई है। लोग भूकंप के ऑफ्टर शॉक के भय से खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। वहीं म्यांमार व थाईलैंड के अलावा इस भूकंप के झटके दक्षिण पश्चिम चीन के यून्नान प्रांत में महसूस किए गए। हालांकि, थाईलैंड में बड़े भूकंपों का इतिहास नहीं रहा है, लेकिन म्यांमार के भूकंप फॉल्ट लाइन पर होने के कारण भूकंप पहले भी आते रहे हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार वर्ष 1930 और 1956 के बीच देश के मध्य से गुजरने वाले सागैंग फॉल्ट के पास रिक्टर स्केल पर सात तीव्रता के छह भूकंप आ चुके हैं। निस्संदेह, पड़ोसी देश म्यांमार में आया भीषण भूकंप भारत के लिये भी चेतावनी है। देश में भूकंपरोधी निर्माण अनिवार्य करने और आपदा–राहत तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है। सरकारी प्रयासों के अलावा लोगों को जागरूक करना भी जरूरी है।

# विकास नहीं विवादित मुद्दों की राजनीति

– योगेन्द्र योगी–



बेरोजगारी, गरीबी, अपराध, लिंगभेद, चिकित्सा और आधारभूत जैसी सुविधाओं के समाधान के बजाए देश के नेता इतिहास के गढ़े मुर्दे उखाड़ कर वोट पाने का आसान रास्ता चुन रहे हैं। इसी क्रम में नया विवाद महाराणा सांगा पर दिए गए बयान पर पैदा हुआ है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने राज्यसभा में कहा कि बीजेपी के लोगों का ये तकियाकलाम बन गया है कि इनमें बाबर का डीएनए है। सपा सांसद रामजी लाल ने कहा कि मैं जानना चाहूंगा कि बाबर को आखिर लाया कौन? इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा लाया था। उन्होंने कहा कि मुसलमान अगर बाबर की औलाद हैं तो तुम लोग उस गद्दार राणा सांगा की औलाद हो, ये हिन्दुस्तान में तय हो जाना चाहिए कि बाबर की आलोचना करते हो, लेकिन राणा सांगा की आलोचना नहीं करते?

सांसद सुमन की राज्यसभा में की गई टिप्पणी पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो लोग आज नहीं बल्कि 1000 वर्षों के भारत के इतिहास की समीक्षा करते हैं, वे बाबर और राणा सांगा की तुलना कभी नहीं कर सकते और उन्हें एक ही तराजू पर नहीं रख सकते। महाराणा सांगा ने आजादी की अलख जगाई थी। उन्होंने भारत को गुलामी से बचाया और साथ ही भारत की संस्कृति को सनातनी बनाए रखने में भी अहम योगदान दिया। कुछ क्षुद्र और छोटे दिल वाले लोग ऐसी बातें करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसी चर्चाओं की कोई गुंजाइश नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब नेताओं ने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए इस तरह के विवादों को हवा दी है। इससे पहले भी ऐतिहासिक मुद्दों पर देश में दरार डालने के प्रयास होते रहे हैं।

बॉलीवुड के निर्माता–निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत को लेकर भी काफी विवाद हुआ था, जिसमें राजपूत समुदाय ने फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया था। इस विवाद का परिणाम यह निकला कि चित्तौडगढ़ के किले में स्थित श्पद्मावतीश महल में अराजक तत्वों ने उन शीशों को तोड़ दिया, जिनके बारे में कहा जाता है कि दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने इन्हीं आईनों के जरिए राजपूत रानी पद्मावती को देखा था। इसी तरह तीन साल पहले बॉलीवुड फिल्म पानीपत से शुरू हुआ विवाद एक टीवी धारावाहिक तक आ पहुंचा। धारावाहिक में खांडेराव होल्कर से पूर्व महाराजा सूरजमल को युद्ध में हारना दिखाया गया। वहीं, इतिहासकारों का दावा है कि पूर्व महाराजा सूरजमल कभी युद्ध नहीं हारे। बल्कि खांडेराव होल्कर की मौत उनके साथ युद्ध में हुई थी। इसको लेकर रूपवास व कुम्हेर थाने में दो अलग–अलग एफआइआर दर्ज कराई गई। मैसूर के राजा रहे टीपू सुल्तान की 10 नवंबर को मनाई जाने वाली जयंती को लेकर भी खूब कलह हुआ है। मैसूर का शेर कहलाने वाले टीपू की जयंती की शुरुआत कांग्रेस के शासन में हुई लेकिन बीजेपी इसका विरोध करती रही।


कर्नाटक में टीपू सुल्तान की जयंती मनाने को लेकर नौबत यहां तक आ गई कि कई शहरों में सुरक्षा को देखते हुए धारा 144 लगाई गई और विरोध प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया। भारतीय जनता पार्टी और कुछ हिन्दू संगठनों ने सरकार से मांग की थी कि वह टीपू सुल्तान की जयंती मनाने का कार्यक्रम और उन्हें महिमामंडित करने की योजना रोक दें। बीजेपी की निगाह में टीपू सुल्तान धार्मिक रूप से कट्टर और हिन्दू विरोधी शासक था। भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी ने उत्तर भारत के 9वीं सदी के राजपूत शासक सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें एक गुज्जर बताया। दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने जौनपुर गांव में सम्राट मिहिर भोज की एक प्रतिमा भी समर्पित की, जिसमें उन्हें गुज्जर बताया गया। इसका राजपूत समुदाय ने कड़ा विरोध किया। बिहार में गठबंधन से पहले भाजपा ने नीतीश सरकार पर इतिहास के छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। भाजपा ने यहां तक कहा था कि सरकार ने प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह का अपमान किया है। बिहार के पूर्व मंत्री भीम सिंह ने बिहार सरकार खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मोहम्मद युनूस को बिहार के प्रथम प्रधानमंत्री बताते हुए उनके जन्म दिवस पर राजकीय जयंती समरोह मनाए जाने को बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह का अपमान बताया था। उन्होंने कहा था कि मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत इतिहास के साथ छेडछाड की जा रही है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मंदिर–मस्जिद विवाद पर नेताओं ने जम कर रोटियां सेकी। इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर हिंसा में पांच लोग मारे गए। इसके बाद देश के दूसरे हिस्सों में इसी तरह के विवाद पैदा हो गए। अजमेर में दरगाह में हिंदू मंदिर का दावा करते स्थानीय अदालत में मामला दायर किया गया। इसी तरह देश के दूसरे हिस्सों में भी मस्जिदों में मंदिर होने को लेकर अदालतों में मामले दायर किए गए। नेताओं ने तभी पैर पीछे खींचे जब सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे विवादों पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जब तक पूजा स्थल अधिनियम की वैधता पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक देश में मंदिर–मस्जिद विवादों से जुड़े नए मुकदमे दर्ज नहीं किए जा सकते, और न ही कोई चल रहा मामला सर्वेक्षण या अंतिम आदेश के साथ आगे बढ़ सकता है।

यह विवाद पूरी तरह थमा भी नहीं कि महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद पैदा हो गया। इस पर भाजपा और विपक्षी दलों ने आरोप–प्रत्यारोप लगा कर देश का माहौल गर्माने में कोई कोर–कसर बाकी नहीं छोड़ी। इसका परिणाम यह हुआ कि नागपुर में हिंसा भड़क उठी। इसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा। आम लोगों को कर्फ्यू के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे विवादों की चपेट में अक्सर देश का मजदूर, गरीब और कामकाजी वर्ग आता है। इन विवादों की जड़ में आसान सत्ता की राजनीति की चाहत है। दरअसल नेताओं को पता है कि देश की बुनियादी समस्याओं का समाधान आसान नहीं है, जबकि ऐसे विवादों के जरिए लोगों को बरगला लाकर सत्ता आसानी से प्राप्त की जा सकती है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# पत्नी पीड़ित पुरुषों को मिले कानूनी संरक्षण

–पूरन चंद सरीन–



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक निर्णय दिया जिसमें एक 11 साल की बच्ची के साथ कुछ लड़कों द्वारा किए जाने वाले दुष्कर्म की कोशिश को यौन शोषण कानून की बजाय दूसरे आपराधिक कानून लागू करने के लिए कहा गया। उसकी गूंज उच्चतम न्यायालय से लेकर संसद तक सुनाई दी। इसे अमानवीय और असंवेदनशील करार दिया गया। इसके विपरीत हमारे देश में ऐसे भी अनेक मामले हैं जिनमें 10 से 20 वर्ष तक इन सख्त कानूनों के अंतर्गत मिली सजा के कारण किसी निर्दोष को जेल में रहना पड़ा और बहुत ही मुश्किल से रिहाई हुई। कुछ तो आज भी निरपराध होते हुए यौन अपराध की सजा भुगत रहे हैं जो उन्होंने किया ही नहीं। प्रश्न यह है कि क्या कानून इतना लचीला है कि कोई भी जज या वकील अथवा कोई अधिकारी जिनमें पुलिस और प्रशासन के लोग शामिल होते हैं,उनमें से कोई अपनी इच्छा के अनुसार कार्रवाई कर सकता है और फैसला कर सकता है।

**जहां तक धारा 376 का संबंध है तो यह कानून इतना विचित्र है कि यदि कोई महिला किसी पुरुष को ब्लैकमेल करने और उससे धन वसूल करने की नीयत से इसका दुरुपयोग करती है तो वह सीधा उस पर बलात्कार करने का आरोप लगाकर पुलिस की गिरफ्त में ला सकती है। ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें एक ही महिला अलग –अलग स्थानों पर पुरुषों के साथ संबंध बनाकर उनके खिलाफ इस ध ारा के तहत काफी धन वसूलने के बाद गिरफ्त में आई। अक्सर झूठे आरोप में फंसे लोग धन की हानि को बेहतर समझते हुए समझौता कर लेते हैं क्योंकि सामाजिक भय एक ऐसी स्थिति है जिससे बाहर निकलना आसान नहीं होता।**

बाल यौन शोषण के लिए सन् 2012 में पॉक्सो एक्ट बना। न्याय संहिता के अंतर्गत 376 और अन्य ध ाराएं हैं ही और ये सब इतने कठोर हैं कि निर्ममता की सीमाएं लांघ जाते हैं। मान लीजिए कि आपने किसी बच्ची जो आपसे परिचित भी हो सकती है और नहीं भी, आपने उसके गाल को स्पर्श कर दिया तो यह साबित होने से पहले कि आपने यह बाल सुलभ प्यार के कारण किया था या मन में उसके प्रति कोई दूषित भावना थी, आप दोषी सिद्ध किए जा सकते हैं।

इसी प्रकार यदि किसी महिला के काम से खुश होकर या उसके केवल सौंदर्य से प्रभावित होकर कोई टिप्पणी कर दी तो दो संभावनाएं हो जाती हैं कि या तो आपने प्रशंसा के उद्देश्य से ऐसा किया या मन में वासना के कारण किया। कानून केवल इसे यौन शोषण की कोशिश ही मानेगा।

बच्ची हो या महिला, यह तय करना लगभग असंभव है कि किस ने किस भाव से प्रेरित होकर यह काम किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा अपना निर्णय सुनाने की प्रक्रिया में यह सोच भी हो सकती है कि इन 2 युवकों का पूरा जीवन नष्ट कर देने का निर्णय लें या कम सजा देने के लिए दूसरी धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करने का आदेश दें। इस मामले में गवाह भी एक राहगीर था जिसने यह सब देखा और युवकों को भागने के लिए मजबूर कर दिया और बच्ची सुरक्षित हो गई। जहां तक कानून की बात है उसमें कुछ वर्षों से लेकर आजीवन कैद तक की सजा दी जा सकती है। पॉक्सो एक्ट इतना सख्त है कि कहीं कोई गुंजाइश ही नहीं है कि व्यक्ति अपने को निर्दोष साबित करने के लिए कोई दलील दे सके। उल्लेखनीय है कि 18 वर्ष से कम के व्यक्ति को बच्चों की ही श्रेणी में रखा गया है। इसमें वह सब कुछ शामिल कर लिया गया जिसकी कल्पना की जा सकती थी कि यह सब कुछ हो सकता है और इसके लिए जुर्माना, कठोर कारावास या दोनों दिए जा सकते हैं।

इन मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान रखा गया और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, उनके संरक्षण और उन्हें न्याय देने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने की बात कही गई। एक तरह से यह मानकर चला गया कि व्यस्क पुरुष किसी भी बच्ची या बच्चे का किसी भी तरह से यौन उत्पीडन तो करेंगे ही इसलिए जितना कठोर कानून बनाया जाएगा, वे सुरक्षित रहेंगे। 18 वर्ष की आयु तक बहुत से शारीरिक और मानसिक परिवर्तन होते हैं। शिक्षा के जरिए बहुत सी चीजें सीखने के लिए होती हैं कि यह जो हमारा शरीर है उसका विकास कैसे होता है, विभिन्न अंगों में क्या बदलाव आता है और उनकी संरचना कैसे होती है। यह सब कुछ प्राकृतिक रूप से समझ में आता रहता है और परिवार या शिक्षक की सहायता से समझा जा सकता है। जैसे ही 18 वर्ष की आयु पूरी होती है, लड़का हो या लड़की, स्वयं वह सब अनुभव करना चाहते हैं जिसकी अब तक मनाही या बंदिश थी। जुवेनाइल या किशोरावस्था में अनेक लड़के–लड़कियां एक–दूसरे के संपर्क में आते हैं और संयोग से ऐसी परिस्थिति पैदा हो जाती है जिस पर उनका ध्यान नहीं जाता और वे वह कर बैठते हैं जो समाज में स्वीकार्य नहीं है। कानून ऐसा है कि जिसमें केवल इसकी सजा दी जा सकती है, सहमति या असहमति का मतलब ही कुछ नहीं है।

जहां तक धारा 376 का संबंध है तो यह कानून इतना विचित्र है कि यदि कोई महिला किसी पुरुष को ब्लैकमेल करने और उससे धन वसूल करने की नीयत से इसका दुरुपयोग करती है तो वह सीधा उस पर बलात्कार करने का आरोप लगाकर पुलिस की गिरफ्त में ला सकती है। ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें एक ही महिला अलग –अलग स्थानों पर पुरुषों के साथ संबंध बनाकर उनके खिलाफ इस धारा के तहत काफी ध ान वसूलने के बाद गिरफ्त में आई। अक्सर झूठे आरोप में फंसे लोग धन की हानि को बेहतर समझते हुए समझौता कर लेते हैं क्योंकि सामाजिक भय एक ऐसी स्थिति है जिससे बाहर निकलना आसान नहीं होता। निष्कर्ष के तौर पर यह कहा जा सकता है कि गलत आरोप, पुलिस की लापरवाही और न्याय प्रणाली की कमियां ही पॉक्सो कानून और धारा 376 के दुरुपयोग के कारण हैं। यह समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब पीड़ित व्यक्ति चुप बैठ जाता है। इसीलिए एक ऐसे कानून की जरूरत है जो पुरुषों को न्याय दिला सके।

# सेना की प्रतिष्ठा के यक्ष प्रश्न

-ब्रिगे. कुलदीप सिंह काहलों (रिटा.)





देश की 'दाईं भुजा' के तौर पर जाने जाते पंजाब के योद्धाओं ने देश की एकता और अखंडता को बरकरार रखते हुए हजारों की तादाद में बेमिसाल कुर्बानियां दीं और आज भी हरेक दिन पंजाब में सेवाएं दे रहे हैं। इस प्रसंग में वर्णनीय है कि पंजाब में जंगी विधवाओं की गिनती देश भर में सबसे अधिक है। देश के रखवालों, वीरों और पूर्व सैनिकों के लिए समय–समय की सरकारों की ओर से उन्हें इज्जत, सम्मान और समस्त सेना का दर्जा बहाल करने के लिए कोई राष्ट्रीय नीति नहीं बनाई गई। सबसे अधिक चिंताजनक और अफसोसजनक बात यह है कि गत कुछ दिनों के भीतर पंजाब पुलिस की ओर से जिस अमानवीय तरीके से सेना में तैनात अधिकारियों के खिलाफ उत्पीडन किए जा रहे हैं उसने सशस्त्र बलों के अक्स को गहरी ठेस पहुंचाई है जोकि न ही बर्दाश्त करने योग्य है और न ही देश के हित में है।

**पुलिस अधिकारियों की ओर से जिस दरिंदगी के साथ कर्नल बाठ के साथ दुर्व्यवहार किया गया है उसका असर समस्त सेना पर भी पडना स्वाभाविक होगा। चाहिए तो यह था कि स्टेशन हैडक्वार्टर तुरन्त हरकत में आकर जरूरी कार्रवाई करता। मोहाली मीटिंग के दौरान विंग कमांडर अरविंद ने यह सवाल किया कि सेना के मुख्यालय में आर.टी. किसलिए हैं? सेना मुख्यालय को चाहिए कि वह अपने स्तर पर कार्रवाई करने के साथ–साथ राष्ट्रीय मानवीय अधिकार आयोग को भी बनती कार्रवाई करने के लिए अपील करता। सी.डी.एस. को चाहिए कि रक्षा मंत्री को भरोसे में लेकर सैन्य वर्ग के समस्त कल्याण हेतु राष्ट्रीय नीति और राष्ट्रीय आयोग कायम किया जाए।**

पहली अफसोसजनक घटना 13 मार्च की रात को घटी जब कर्नल पुष्पिंद्र सिंह बाठ जोकि सेना मुख्यालय नई दिल्ली में किसी संवेदनशील पद पर तैनात हैं, ने पटियाला पहुंच कर अपने बेटे अंगद सिंह के साथ राजिन्द्रा अस्पताल के निकट ढाबे के बाहर गाड़ी खड़ी की थी। इस स्थान पर तीन पुलिस इंस्पैक्टरों सहित 12 पुलिस कर्मचारी भी पहुंच गए और पार्किंग स्थल को लेकर विवाद पैदा हो गया। अंगद के बयान के अनुसार उनके पिता की ओर से अपनी पहचान करवाने के बावजूद निहायत बेदर्दी और वहशीपन तथा असभ्य ढंग से उनकी पिटाई कर दी गई जिसके कारण कर्नल बाठ को गंभीर चोटें आईं और उनका बायां बाजू भी टूट गया।

जब अपने पिता को जालिमों के पंजों से मुक्त करवाने की कोशिश की गई तो उन पर भी वार शुरू कर दिए गए। अंगद के अनुसार एक पुलिस अधिकारी ने यह भी कहा, "मैं अभी अपहरणकर्त्ताओं के साथ आप्रेशन करके आ रहा हूं और कहीं तुम्हारे साथ दूसरा एनकाऊंटर न करना पड़ जाए।'' दोनों पिता–पुत्र सैन्य अस्पताल में उपचाराधीन हैं। जानकारी यह भी है कि पुलिस ने ढाबा मालिक की ओर से बयान दर्ज करवा कर अज्ञात व्यक्तियों के ऊपर एफ.आई.आर. दर्ज की है। श्रीमती जसविंद्र कौर बाठ तथा समस्त सैन्य भाईचारा यह मांग कर रहा है कि 12 पुलिस कर्मियों के खिलाफ बाई नेम केस दर्ज हो।

वहीं पंजाब सरकार की ओर से नियुक्त एक आई.ए.एस. अधिकारी द्वारा जांच करने के कार्य को बाठ परिवार ने ठुकरा दिया है और सी.बी.आई. जांच की मांग की है। 22 मार्च को पटियाला के डी.सी. कार्यालय के समक्ष शांतमयी ढंग से विरोध–प्रदर्शन करने के लिए पूर्व सैनिक एकत्रित हुए। यह तो अब समय ही बताएगा कि सैनिकों की आबरू के साथ जुड़ा मसला क्या रुख दिखाएगा? 20 मार्च को जब लेखक सेना के मोहाली स्थित कर्नल गुरप्रकाश सिंह विर्क को–आर्डीनेटर की ओर से पूर्व सैनिकों की बैठक में रणनीति तय करने के लिए जा रहा था तो जग बाणी की 20 मार्च वाली अखबार के पृष्ठ पांच पर यह समाचार पढने को मिला कि अमृतसर में एक जवान के साथ पंजाब पुलिस के कर्मचारी की ओर से मारपीट करने के साथ जातिसूचक शब्द भी बोले गए। पंजाब के अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसबीर सिंह की दखलअंदाजी के बाद ही केस दर्ज हुआ। सेना के साथ दुर्व्यवहार, नाइंसाफी और मारपीट के मामले अक्सर होते रहते हैं और उनकी कोई पूछताछ नहीं करता। पंजाब सरकार की ओर से सैन्य भाईचारे की अनदेखी करना उसे महंगा पड़ सकता है।

पुलिस अधिकारियों की ओर से जिस दरिंदगी के साथ कर्नल बाठ के साथ दुर्व्यवहार किया गया है उसका असर समस्त सेना पर भी पडना स्वाभाविक होगा। चाहिए तो यह था कि स्टेशन हैडक्वार्टर तुरन्त हरकत में आकर जरूरी कार्रवाई करता। मोहाली मीटिंग के दौरान विंग कमांडर अरविंद ने यह सवाल किया कि सेना के मुख्यालय में आर.टी. किसलिए हैं? सेना मुख्यालय को चाहिए कि वह अपने स्तर पर कार्रवाई करने के साथ–साथ राष्ट्रीय मानवीय अधिकार आयोग को भी बनती कार्रवाई करने के लिए अपील करता। सी.डी.एस. को चाहिए कि रक्षा मंत्री को भरोसे में लेकर सैन्य वर्ग के समस्त कल्याण हेतु राष्ट्रीय नीति और राष्ट्रीय आयोग कायम किया जाए। उल्लेखनीय है कि मोहाली स्थित सैन्य भाईचारे की विशेष हंगामी बैठक में ब्रिगेडियर हरवंत सिंह, कर्नल सोही, कर्नल विर्क और कैप्टन मुल्तानी, कैप्टन सिद्धू तथा कुछ अन्य अधिकारियों द्वारा अपने विचार रखने के उपरांत कुछ प्रस्ताव पास किए गए और अपनी मांगें भी रखी गईं। इस मौके पर कहा गया है कि 12 पुलिस अपराधी अधिकारियों के खिलाफ बाईनेम एफ.आई.आर. दर्ज करवाकर कड़ी सजा दिलवाई जाए वहीं सर्वोच्च न्यायालय या हाईकोर्ट की ओर से उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाई जाए। धारा 366 के तहत पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

सैन्य मसलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना की जाए। संसद की स्थायी मामलों से संबंधित कमेटी ने अपनी पिछली रिपोर्ट में यह दर्ज किया था कि हर तीन महीने के उपरांत हर जिला स्तर पर सैनिकों की समस्याओं को लेकर बैठकें कर इनकी तकलीफें दूर की जाएं जोकि नहीं हो रहा। यदि समस्त सैन्य भाईचारा पार्टी स्तर से ऊपर उठ कर एकजुटता के साथ राजनीतिक नेताओं को संयुक्त तौर पर चुनौती देगा तो ही कोई इंसाफ की उम्मीद की जा सकती है।

# पुलिस मुठभेड़ में एक तस्कर को लगी गोली, दो गिरफ्तार



**संवाददाता–कुशीनगर।** शनिवार को दोपहर बाद कसया थाना क्षेत्र में भी पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई।चेकिंग कर रही पुलिस टीम पर पिकअप सवार पशु तस्करों ने गोली चला दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी। इसके समेत दो तस्करों को पुलिस ने दबोच लिया। पशु तस्करों के पहुंचने की सूचना प्राप्त हुई। कसया, कोतवाली हाटा, तरयासुजान, तमकुहीराज एवं पटहेरवा थाने की संयुक्त पुलिस ने हिरण्यपुर कट के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार बदमाशों ने लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नीयत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया। उसकी पहचान बाबूद्दीन पुत्र साबिर निवासी ग्राम नरहवा थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार के रुप में हुई। उसका एक अन्य साथी तबरेज पुत्र हारून साकिन कंचनपुर थाना तरकुलवा जनपद देवरिया को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से दो अवैध तमन्चे, तीन जिन्दा व एक खोखा कारतूस, लकड़ी का ठीहा, बांका, रस्सी, पिकप वाहन बिना नम्बर की, कुल 8,170ध– रुपये नगद व दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पिकअप में कुल पांच प्रतिबंधित पशुओं को लाद वध के लिए बिहार ले जाया जा रहा था। घायल तस्कर को इलाज के पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि उनका संगठित गिरोह है, जो पशुओं को वध के लिए बिहार ले जाते हैं। इससे अर्जित धन आपस में बांट लेते थे।

पुलिस रिकार्ड के अनुसार बाबूद्दीन पर पहले से तमकुही राज थाने में पशु तस्करी व गोवध का एक मुकदमा दर्ज है। तबरेज पर देवरिया जिले के तरकुलवा थाने में पहले तीन तथा कुशीनगर के तमकुही राज में दो मुकदमे दर्ज हैं। वह तमकुहीराज थाने का गैंगस्टर था। मुठभेड़ में कसया के प्रभारी निरीक्षकओम प्रकाश तिवारी, हाटा कोतवाल सुशील कुमार शुक्ला, तरया सुजान के प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह, तमकुहीराज के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा व पटहरेवा थानाध्यक्ष दीपक सिंह तथा इन सभी थानों की टीम शामिल रही।

# नगर विकास मंत्री ने सिसवा नपा को दी करोड़ों की सौगात



**संवाददाता–महराजगंज।** सिसवा नगरपालिका अध्यक्ष की मांग पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नपा में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये के वित्तीय स्वीकृति की सौगात दी है।

अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिजेश जायसवाल ने लखनऊ में नगर विकास मंत्री से मिलकर विकास कार्यों का प्रस्ताव देते हुए वित्तीय स्वीकृति की मांग की। उन्होंने मुलाकात के दौरान सिसवा नगरपालिका की समस्याओं से रूबरू कराते हुए आवश्यक विकास कार्यों की चर्चा की। इस पर उनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए नगर विकास मंत्री ने मुहर लगाते हुए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। नगर विकास विभाग द्वारा सिसवा नगरपालिका को दिए गए विकास कार्यों में लगभग आधा दर्जन महत्वपूर्ण कार्य हैं। इनमें जलनिकासी व सीवरेज के लिए 3.91 करोड़, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना अंतर्गत 4.21 करोड़, पेयजल योजना में 1.8 करोड़, वंदन योजना में 1.66 करोड़, तालाब व पोखरों के सुंदरीकरण के लिए 53 लाख तथा पंडित दीनदयाल योजना अंतर्गत विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति शामिल है।

शकुंतला जायसवाल, अध्यक्ष–नपा सिसवा ने कहा कि सिसवा नपा में विकास कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने के साथ धन भी अवमुक्त करा दिया गया है। निविदा व आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा किए जाने के बाद सभी कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

# किसी धर्म के खिलाफ नहीं वक्फ बोर्ड संबंधी बिल –कलराज मिश्र

**संवाददाता–देवरिया।** पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कलराज मिश्र ने कहा है कि वक्फ बोर्ड संबधी बिल को लेकर विपक्ष राजनीति कर रहा है तथा इस मामले को लेकर साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने का प्रयास कर रहा है। विपक्ष के लोग इस बिल को एक धर्म से जोड़कर बेवजह हल्ला हंगामा कर रहे हैं, जबकि उन्हें इस बिल पर सार्थक बहस करनी चाहिए।



कलराज मिश्र शनिवार को पीब्ल्यूडी डांकबंगले में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बिल को पहले संसद में लाया गया था। विपक्ष व सभी लोगों की मांग पर संयुक्त समिति का गठन कर इस बिल को समिति को सौंप दिया गया। जेपीसी में सभी दलों के लोग रहते हैं। अब तक की परम्परा रही है कि सामान्य तौर पर समिति के सदस्य आपस में विचार विमर्श कर एक सार्थक निर्णय पर पहुंचते हैं, लेकिन विपक्ष के लोगों ने जेपीसी में भी राजनीति से प्रेरित होकर कार्य करना शुरू कर दिया तथा इस इस विधेयक को एक धर्म का मान लिया, जबकि यह किसी एक धर्म का विधेयक नहीं है। इस विधेयक को वक्फ बोर्ड की कमियों का दूर करने तथा उसमें सकारात्मक सुधार करने के लिया लाया गया है। यह संशोधन न सिर्फ वक्फ और समाज दोनों के लिए लाभकारी है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष यह बताने की बजाय कि उसे किस बिन्दु पर आपत्ति है, जानबूझकर राजनीतिक रूप देने व लोगों को भावनाओं को उभारने का प्रयास कर रहा है। अगर किसी विषय पर विवाद है तो विपक्ष को उस पर प्रखर रूप से अपने विचार रखना चाहिए, जिससे जनता भी उसे जान सके। पर विपक्ष के लोग वक्फ विधेयक जेपीसी में अपनी बात ठीक से रखने की बजाय बैठकों का बहिष्कार करने में लगे रहे। विपक्ष को बताना चाहिए कि आखिर वह लोग क्या चाहते हैं। ऐसा करने की बजाय विपक्ष गैर हिन्दुओं को समिति में रखने पर आपत्ति जता रहा है। अगर कही से भी अच्छा विचार आ रहा है तो उसे स्वीकार करना चाहिए न कि साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने का प्रयास करना चाहिए।

# सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान भावुक हुए शिक्षक



**संवाददाता–गोण्डा।** शिक्षा क्षेत्र रुपईडीह के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान संघ पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। सेवानिवृत्त शिक्षक विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव प्रधानाध्यापक बिछुड़ी, कमला प्रसाद प्रधानाध्यापक मंगल नगर, हरिशंकर शुक्ल प्रधानाध्यापक हरखापुर व शिक्षा मित्र मो अयूब प्राथमिक विद्यालय मनोहर जोत के कार्य एवं व्यवहार की प्रशंसा की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उपस्थित शिक्षकों को उनके कार्यों से सीख लेने की सलाह दी गई । इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री अजीत तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष देव प्रकाश पांडेय,प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला, तिलक राम वर्मा, अश्विनी शुक्ला, चंद्रशेखर तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एवं संचालन आशुतोष गिरी व आज्ञाराम ने की। समापन पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर देव नंदन तिवारी,बाबूराम,देवेन्द्र सिंह, सौरभ तिवारी, बाल मुकुंद पांडे, राजेश तिवारी, राजेश शुक्ल, रमेश शुक्ल,शालिनी तिवारी, नेहा, नीलम सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# वार्षिक रिपोर्ट कार्ड पाकर मेधावियों के खिले चेहरे

**संवाददाता–बलरामपुर।** जिला मुख्यालय के वलरामपुर मॉडर्न इंटर कालेज में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में सफल प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमन्त कुमार तिवारी व परीक्षा प्रभारी सुरेन्द्र नारायन त्रिवेदी की अध्यक्षता में छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर छात्रों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विद्यालय के प्रबंधक जितेन्द्र सिंह तोमर ने देकर छात्रों को रिपोर्ट कार्ड देकर उन्हें निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सबको यह मेहनत जारी रखनी है। विद्यालय में कक्षा 6 में प्रथम स्थान प्राप्त अनन्त शुक्ला, द्वितीय स्थान आंशिक पाठक, कक्षा 7 में निहारिका सिंह प्रथम व शिवम तिवारी एवं करन वर्मा संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 में अवनि श्रीवास्तव प्रथम व काजल मिश्रा द्वितीय, कक्षा 9 में शिवम शुक्ला प्रथम व नैतिक श्रीवास्तव द्वितीय तथा कक्षा 11 में सृष्टि श्रीवास्तव प्रथम व विवेक जायसवाल द्वितीय स्थान पर रहे। छात्रों को अंकपत्र के साथ मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमंत कुमार तिवारी ने कहा कि इन मेंधावियों को आगामी वार्षिकोत्सव के दौरान प्रमाण–पत्र, स्वर्णपदक व उपहार देकर मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के डा शुचिता चौहान, वीपी पाण्डेय, सुमन सिंह, अवनीन्द्र त्रिपाठी, पारसनाथ सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व तमाम आभिभावक उपस्थित रहे।

# समाज में युवा की भूमिका व जिम्मेदारियों पर की गई चर्चा

**संवाददाता–बलरामपुर।** पार्टिसिपेटरी एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट (पेस) सामाजिक संगठन की ओर से संचालित टीडीएच प्रोजेक्ट के तत्वाधान में सरदार मैरिज हॉल तुलसीपुर में प्रदेश स्तरीय युवा क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें टीडीएच टीम तुलसीपुर ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना समन्वयक विनोद कुमार पांडेय ने करते हुए समाज में युवा की भूमिका व जिम्मेदारियों पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। प्रशिक्षक राजेंद्र तिवारी ने बताया कि समाज में सभी लोग एक समान हैं। हमें किसी के प्रति लैंगिक भेदभाव नहीं करना चाहिए। क्योंकि हम सभी लोग ईश्वर द्वारा बनाए गए मनुष्य हैं और ईश्वर किसी के साथ भेदभाव नहीं करता। सभी को सम्मान मिलना चाहिए। आगे पोषण पर चर्चा करते हुए श्री तिवारी ने बताया कि पोषण हमारे जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है। अच्छा पोषण मिलेगा तभी हमारा शरीर स्वास्थ अच्छा रहेगा। इसलिए हमेंशा फल एवं हरी सब्जियों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में पेस संस्था से विनोद कुमार पांडेय, पुनीता पांडेय, फकरुद्दीन, बाराबंकी टीम से मनोज कुमार, बहराइच से अनुराग, श्रावस्ती से रविन्द्र एवं युवा समूह के बच्चे मौजूद रहे।

# मधुमिता हत्याकांड में समय से पूर्व रिहाई के बाद पहली बार मंच पर दिखे अमरमणि





**संवाददाता–महराजगंज।** मधुमिता हत्याकांड में समय से पहले रिहाई के बाद पहली बार सार्वजनिक मंच पर अमरमणि त्रिपाठी दिखे। अमरमणि त्रिपाठी महराजगंज के एक लॉन में शनिवार को आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे। इस दौरान सियासी संकेत दिए।

चर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में समय पूर्व रिहाई बाद प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री अमरमणि त्रिपाठी पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखे। अमरमणि त्रिपाठी महराजगंज के एक लॉन शनिवार को आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे। अपने बेटे नौतनवा के पूर्व विधायक अमन मणि त्रिपाठी और चाचा पूर्व मंत्री श्यामनारायण तिवारी के साथ समारोह में पहुंचे अमरमणि ने इस कार्यक्रम के बहाने सियासी संकेत दिया। उन्होंने कहा कि फरेंदा विधानसभा में उनका परिवार सेवा करता आया है और आगे भी करेगा। अपने चाचा पूर्व राज्यमंत्री श्याम नारायण तिवारी के कर्मभूमि से जनता की सेवा का संकल्प दोहराया।

पूर्व राज्यमंत्री अमर मणि त्रिपाठी शुक्रवार की रात कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहां ढ़ोल नगाड़ो से उनका स्वागत हुआ। मंच पर माला पहनाने वालों की लम्बी कतार रही। मंच से संबोधन में यह नहीं दिखा कि वे 20 सालों से मंचों से दूर हैं। वहीं पुराना तेवर दिखाया, जैसे विधायक और मंत्री के समय दिखाते थे।सबसे पहले होली की शुभकामना सभी को दी। इसके बाद मुस्लिम भाइयो को ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनता व जनता की समस्यों से कभी दूर नहीं रहे।उनकी तीसती पुश्त जनता के बीच है। उनके मार्ग दर्शक उनके चाचा श्यामा नारायण तिवारी हैं, जो आज भी मंच पर आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित हैं।

दरअसल,बस्ती जिले में 22 साल पुराने राहुल अपहरणकांड में पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी भी एक आरोपित हैं। जो न्यायालय से फरार चल रहे हैं। उनके सम्पत्तियों की कुर्की हो चुकी है। कोर्ट ने शेष साक्ष्य के लिए गवाहों को 27 मार्च तय किया था। गुरुवार को कोर्ट में एक भी गवाह उपस्थित नहीं हुआ। अब 15 अप्रैल को अगली सुनवाई है। बता दें कि 6 दिसम्बर 2001 की घटना में रोडवेज तिराहा निवासी राहुल मद्धेशिया का अपहरण हो गया था। तत्कालीन मंत्री अमरमणि के लखनऊ स्थित आवास से एसटीएफ ने बरामद किया था। इस प्रकरण की सुनवाई न्यायालय में चल रही है।

## दरगाह शरीफ मेला गई महिला हुई लापता

**संवाददाता–श्रावस्ती।** सोनवा थाना क्षेत्र के मीराचक गांव निवासी प्रीति (20) पत्नी राजू गुरुवार को पति के साथ बहराइच स्थित दरगाह शरीफ गई हुई थी। जहां से महिला रहस्यमयी तरीके से लापता हो गई। खाफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग नहीं लग रहा है। पति राजू का कहना है कि वह दरगाह शरीफ पहुंचकर पत्नी को वहीं रुकने को कहा और हलवा लेने चला गया। जब वापस आया तो प्रीती वहां नही थी।

## 108 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त,प्रधानों का हुआ सम्मान

**संवाददाता–श्रावस्ती।** जिले की 108 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। शनिवार को विश्व क्षयरोग दिवस पर ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। डीएम अजय कुमार द्विवेदी व सीएमओ डा अशोक कुमार सिंह ने प्रधानों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय स्वास्थ्य इकाई के प्रयास से यह उपलब्धि मिली है। टीबी मुक्त पंचायत के सभी मानको पर खरे उतरे ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं उनके क्षेत्र की स्वास्थ्य इकाई ने प्रशंसनीय कार्य किए हैं। ग्राम प्रधानों से अपील की सभी अपने क्षेत्र के संभावित मरीजो की जांच अवश्य करायें साथ ही उपचार प्राप्त कर रहें मरीजो को यथासंभव पोषण और आर्थिक लाभ जैसे मनरेगा आदि से अच्छादित करें। जिससे उनके परिवार पर किसी प्रकार का कोई आर्थिक संकट उत्पन्न न हो। सीडीओ अनुभव सिंह ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार देश से टीबी को खत्म करने के प्रति प्रतिवद्ध है। इस अभियान में हम सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। सीएमओ ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान में जिले को उच्चतम स्थान प्राप्त किया है। जिसमें 10 निक्षय मित्रों को सम्मानित किया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा केके वर्मा ने बताया कि जिले में कुल 851 निक्षयमित्र ने अपना पंजीकरण कराया है। जिन्हों ने अपने मरीजो को शत प्रतिशत गोद लेकर पोषण सहायता प्रदान की गई। सभी निक्षयमित्रों ने क्षयरोगियों को गोद लेकर जो कार्य किया है। इस अवसर पर डा ओपी वर्मा, डा प्रवीन कुमार, डा अवनीश तिवारी, डा दीपक शुक्ला, डीपीसी रवि कुमार मिश्र, अनुपम श्रीवास्तव सहित समस्त क्षय कर्मी व चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**संवाददाता–गोण्डा।** क्षेत्र के ड्रीम वैली पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना ने स्थानीय स्तर पर प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग लिए छात्र–छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी किया और उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। डायरेक्ट अंश सिंह व प्रबंधक शिव मूर्ति सिंह ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर अर्जुन वैश पूरवा प्राथमिक स्कूल के वंश सिंह, आदित्य सिंह ,आयुषी सिंह, शिवांगी सिंह तथा ड्रीम वैली के श्रद्धा गुप्ता तथा जूनियर स्तर पर सुभाष इंटर कॉलेज के यशवंत सिंह, संत ब्रिज बिहारी इंटर कॉलेज के विख्यात सिंह,ड्रीम वैली के जीतिशा सिंह, रघुनाथ पूरवा जूनियर हाई स्कूल के संगीत सिंह, कंपोजिट विद्यालय कोड़री के सत्यम निषाद को साइकिल प्रदान की गई है। कार्यक्रम के दौरान उपेंद्र सिंह, लेखपाल रामेश्वर तिवारी, प्रधान गनी मोहम्मद, बुद्धि प्रकाश शुक्ला सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन कराया बालिग होने पर कुशीनगर से भागकर महराजगंज आई

**संवाददाता–महराजगंज।** कुशीनगर के तमकुहीराज थाना क्षेत्र से पांच साल पहले अपहृत 14 साल की लड़की आरोपित के चंगुल से मुक्त होकर परतावल क्षेत्र के अपनी रिश्तेदारी में आई। उसे ढूंढते हुए तमकुहीराज पुलिस के साथ आरोपित भी आया। दूसरे समुदाय के घर में मुस्लिम नाम की युवती के बारे में पुलिस की पूछताछ देख लोगों ने विरोध कर दिया। परतावल चौकी पर परिजनों के साथ पहुंची युवती ने बताया कि पांच साल पहले वह 14 साल की थी। शौच के लिए जाते समय उसका अपहरण कर लिया गया था। उसके साथ आरोपित ने जबरन दुष्कर्म किया। नाम बदल कर मुस्लिम युवती के नाम पर रख दिया। मंदिर में पूजा करने पर बेरहमी से मारा–पीटा। आर्केस्ट्र में नर्तकी बना दिया। पीड़िता के बयान के बाद श्यामदेउरवा पुलिस अपनी सुरक्षा में शनिवार को तमकुही थाने पर ले गई।

पीड़िता के मुताबिक वह अपने परिवार के साथ तमकुही में ही रहती थी। परिवार गरीब है। वर्ष 2020 में वह शौच के लिए बाहर जा रही थी। रास्ते से उसका अपहरण कर लिया गया। कुछ दिन तक तमकुही में ही एक कमरे के अंदर बंद रखा गया। आरोपित ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। वहां से आरोपित उसे अपने साथ कोलकाता ले गया। वहां एक दिन वह मंदिर में दर्शन करने चली गई। इससे नाराज आरोपित ने उसको बेरहमी से पीटा। फर्जी ढंग से मुस्लिम युवती के नाम से आधार कार्ड बनवा दिया। सादे पेपर पर कई जगह अंगूठे का निशान लगवाया। बिना शादी ही जबरन उसके साथ पति की तरह रहने लगा। कोलकाता से उसे साथ लेकर फिर तमकुही आया। वहां आर्केस्ट्रा में नर्तकी के काम पर लगा दिया। माता–पिता भी तमकुही छोड़ दिया था। परतावल क्षेत्र में उसकी मौसी रहती हैं। एक दिन वह आरोपित के चंगुल से जान बचाकर परतावल भाग आई। मौसी के साथ ही माता–पिता रहते हैं। उधर तमकुही राज में आरोपित ने पीड़िता को अपनी कथित पत्नी बताकर गुमशुदगी दर्ज कराई। तमकुही राज पुलिस परतावल पहुंची तो पीड़िता अपने साथ घटी घटना के बारे में जानकारी दी। पीड़िता के बयान के बाद महराजगंज पुलिस ने कुशीनगर पुलिस से बात कर पूरी घटना की जानकारी दी।

युवती के मामले में उसके पति ने गुमशुदगी दर्ज कराया है। पांच साल पहले रजिस्टर्ड निकाह हुआ है। युवती अब उसके साथ नहीं रहना चाहती है। उसे थाने पर बुलाया गया है। युवती अगर कार्रवाई चाहेगी तो उसकी तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब यह भी है कि लड़की के आधार कार्ड के मुताबिक उसकी मौजूदा उम्र इस समय 19 साल है। रजिस्टर्ड निकाह के समय उसकी उम्र 13 साल के करीब थी। श्यामदेउरवा क्षेत्र के एक गांव में तमकुहीराज पुलिस एक शादीशुदा युवती की तलाश में आई थी। वहां गुमशुदगी का केस दर्ज है। लड़की वहां की पुलिस के साथ नहीं जाना चाहती थी। लड़की को पुलिस टीम के साथ उसके माता–पिता के साथ तमकुही भेजा गया है। लड़की के बयान के आधार पर कुशीनगर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।

# अयोध्या पहुंचने पर जगतगुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य का संप्रदाय के संतों–महंतों ने जगतगुरु का किया भव्य स्वागत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या।रामभक्ति परम्परा और रामानंद संप्रदाय के मूल आचार्यपीठ श्रीमठ, पंचगंगा, काशी के वर्तमान आचार्य और जगदगुरु रामानंदाचार्य पद प्रतिष्ठित स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य महाराज चौत्रीय नवरात्र और भगवान श्रीरामप्राकट्य महोत्सव के निमित्त श्री अयोध्या धाम पहुंच चुके हैं। यह पहला अवसर है, जब रामानंद संप्रदाय के मूलपीठ के आचार्य चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी पर्यन्त यानि 30 मार्च से 06 अप्रैल, 2025 तक प्रभु श्रीराम के प्राकट्य धाम, अयोध्याजी में रहेंगे और समस्त मांगलिक प्रवृत्तियों को विधिपूर्वक संपादित करेंगे। पूरे नवरात्रकाल में उनका प्रवास श्रीराम आश्रम रहेगा, जो रामकोट स्थित कनक भवन के समीप है। श्रीराम आश्रम महंत जयराम दास ने बताया कि जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य महाराज का पावन चैत्रीय नवरात्र में शुभागमन और अनुष्ठान भूमि के तौर पर श्रीराम आश्रम का चयन समस्त रामभक्तों और रामानंदी वैष्णवों के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है।

महंत जय रामदास ने बताया कि सुबह से देर शामतक विविध तरह की मांगलिक– आध्यात्मिक प्रवृतियां सभी नौ दिनों तक संपादित होंगी। सुबह 6 बजे से आठ बजे तक श्रीराममंत्र का सामूहिक जप होगा। इसके बाद साढ़े आठ से साढ़े दस बजे तक ऋगवेदीय पवमानसूक्त मंत्रों से भगवान श्रीराम का सामूहिक पूजन अभिषेक होगा। हवनात्मक श्रीरामयज्ञ प्रतिदिन प्रातः साढ़े दस से साढ़े 11 बजे तक चलेगा। फिर अगले एक घंटे तक आचार्यश्री का पूजन होगा। मध्याह्न में प्रसाद ग्रहण ,वैष्णवाराधन के बाद विश्राम। सायं पांच बजे से विशिष्ट गायकों द्वारा बधाई गान, शाम 6 बजे से 8 बजे तक श्रीराम कथा और उसके बाद भगवान श्रीरामचंद्रजी की महाआरती होगी। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण नवरात्र पर्यन्त वाल्मीकीय रामायण, अध्यात्मरामायण एवं रामचरितमानस का पारायण सम्पन्न होंगे । उन्होंने बताया कि संपूर्ण नवरात्रकाल में आश्रमीय सभी सदस्य पूर्णतः व्रती होंगे और श्रीरामनवमी के दिन यानि 6 अप्रैल को रात्रि में परमप्रभु श्रीरामजी का प्राकट्य महोत्सव विशेष रुप से मनाया जाएगा।नवरात्रि आयोजन की व्यवस्था देख रहे महंत श्याम दास उर्फ नागा बाबा ने बताया कि अयोध्या स्थित सभी मठ–मंदिर और आश्रमों से जुड़े संत–श्रीमहंत और महामंडलेश्वर संप्रदाय के प्रधान आचार्य जी के दर्शन, पूजन और सत्संग का लाभ उठा सकेंगे। इसी दौरान जगदगुरु रामानंदाचार्य जी महाराज श्रीरामजन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी सहित सभी विशिष्ट मंदिरों में जाकर दर्शन–पूजन भी करेंगे। संतों के लिए अलग से भंडारे और सम्मान समारोह भी समायोजित है।



जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्यजी महाराज ने कहा कि श्रीसम्प्रदाय के परमाचार्य तथा परमाराध्य परब्रह्म श्रीराम का प्राकट्य चौत्रशुक्ल नवमीतिथि को हुआ था। सहस्त्राब्दियों पूर्व से त्रेता युग की यह तिथि कितनी पावन और सुहावन रही है कि आज भी उसकी महत्ता अनुपमरुप से प्रवाहित है। श्रीराम के प्राकट्य काल से ही उनकी भगवत्ता मानव कल्याण को प्रेरित करती रही है। यही कारण है कि गृहस्थ से साधु तक, रंक से राजा तक, मनुष्य से देवता तक वे सबके परमाराध्य हैं। हम सभी लोगों के सौभाग्य से परममंगलमय चैत्रीयनवरात्र सम्प्राप्त हो रहा है। किसी भी काम में अपने कल्याण के लिए शास्त्रनिर्दिष्ट साधना सम्पादित की जा सकती है, परन्तु भूमि आदि के समान काल भी विभिन्न रुपों में साधना के सम्पादक होते हैं। वैसे तो काल के वैचित्र्य से अनायास ही जनसामान्य सुपरिचित होता है।जगदगुरु महराज ने बताया कि कि चैत्रीय नवरात्र साधना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त काल है, जिसका प्रमापक है परमप्रभु श्रीराम प्राकट्य। वर्षारम्भ पहली तिथि से, शुभारम्भ की सार्थकता नवमी में श्रीरामजी को प्राप्त करके ही है। उन्होंने सभी कल्याणकामी महानुभावों से कहा कि आइए प्रस्तुत महोत्सव में विधिवत समर्पित होकर जीवन में रामराज्य की संस्थापना करें।वर्षों के अंतराल के बाद श्री अयोध्या धाम पहुंचने पर रामानंदी वैरागी संत–महंतों और देशभर से आए भक्तों ने अपने पूज्य आचार्यश्री का भव्य स्वागत किया।श्रीराम आश्रम के श्रीमहंत जयराम दास और जबलपुर स्थित प्रेमानंद आश्रम के महामंडलेश्वर नागा बाबा श्याम दास महाराज के नेतृत्व में आचार्यजी का स्वागत–अभिनंदन विधि–विधान से किया गया।

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूल वाद सं. 350/2024

अदालत– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय अयोध्या

बृजेश रावत

बनाम

परशुराम आदि

बनाम–1–परशुराम 2– मस्तराम पुत्रगण स्व0 पंचम निवासीगण सिरसिण्डा परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या

**तारीख पेशी 17–04–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 17 माह 04 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 25 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

